March, 1969, to the effect that the President of the Engineering Association of India and other members of the Association have complained to the West Bengal Ministers that engineering industry in the State is only getting 15 per cent of their raw material requirements for the last few years ;

(b) if so, the real state of affairs in this regard ; and

(c) whether Government propose to meet the requirements of the industry ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The matter is being examined.

लखनऊ डिवीजन उत्तर रेलवे के डिवीजनल इंजीनियर द्वारा क्लर्कों की मुअत्तिली

5681. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के डिवीजनल इन्जीनियर ने अगस्त, 1968 में अवैध रूप से तथा अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करके कुछ क्लर्कों को मुअत्तिल कर दिया था, जिस पर मंत्रालय ने नाराजगी व्यक्त की थी ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

घाटे में चलने वाली रेलगाड़ियां

5682. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय रेलवे द्वारा कुल कितनी रेलगाड़ियां घाटे में चलाई जा रही हैं; और

(ख) 1967-68 में उन पर कितनी हानि हुई और 1968-69 में कितनी हानि होने की सम्भावना है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). अलग-अलग गाड़ियों के परिचालन पर आने वाली लागत और उनसे होने वाली आमदनी के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

अंग्रेज शासकों के नाम पर रेलवे स्टेशनों के नाम

5683. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) भारतीय रेलों में ऐसे कितने रेलवे स्टेशन हैं, जिनके नाम अंग्रेज शासकों अथवा आंग्ल भारतीयों के नाम पर रखे गये हैं ;

(ख) क्या सरकार का विचार इन नामों को बदलने तथा उन रेलवे स्टेशनों के नाम प्रसिद्ध भारतीयों तथा राष्ट्रीय नेताओं के नाम पर रखने का है ; और

(ग) यदि हां, तो ये परिवर्तन कब तक किये जाने की सम्भावना है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 33 ।

(ख) और (ग). अंग्रेज शासकों या आंग्ल भारतीयों के नामों पर रखे गए वर्तमान रेलवे स्टेशनों के नामों को बदलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

झांसी और कानपुर (मध्य रेलवे) के बीच रेल यात्रियों का लूटा जाना

5684. **श्री हुकमचन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :